Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

हाईवे चैनल

वर्ष- 28 अंक- 333 रायपुर, रविवार 28 दिसम्बर 2025 पृष्ठ-8 मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

नए साल के जश्न पर कहीं भारी न पड़ जाए मौज-मस्ती

नशे में मिले चालक तो गाड़ी होगी जब्त आयोजकों पर भी पुलिस की कड़ी नजर

रायपुर, 28 दिसम्बर (हाईवे चैनल)। 31 दिसंबर की रात को नए साल के स्वागत में होने वाले कार्यक्रमों पर पुलिस की कड़ी नजर रहेगी. खासतौर पर नशेड़ी और हुड़दंगी निशाने पर होंगे. सड़कों पर अगर नशेड़ी कार या दुपहिया चलाते मिले तो गाड़ी जब्त की जाएगी. नशेड़ियों के साथ पिलाने वाले कार्यक्रम आयोजकों पर भी कार्रवाई संभव है. दरअसल पुलिस ने इस बार होटल रेस्टोरेंट और फार्म हाउस वालों से बड़े आयोजनों के बारे में पूरी जानकारी मांगी है. निर्देश दिए गए हैं कि बगैर अनुमति कोई भी आयोजन न किया जाए. आयोजन में बगैर अनुमति शराब न परोसी जाए. अनुमति लेकर शराब परोसी जाये तो यह ध्यान रखा जाए कि उनके मेहमान नशे में गाड़ी चलाते सड़क पर न आएं. ऐसे मेहमानों को सुरक्षित घर पहुंचाने ड्राइवर या फिर वाहन का इंतजाम भी आयोजक ही करें.

31 दिसंबर की सुरक्षा तैयारियों में लगी पुलिस ने नशे के सामानों की अवैध बिक्री करने वालों पर कार्रवाई भी जारी रखी है. अमलीडीह इलाके के वरण अपार्टमेंट के फ्लैट में छापा मारकर एक नाबालिग बालिका समेत 5 आरोपियों को दबोचने के बाद तीन और आरोपियों को गिरफ्तार किया है. ड्रग्स के साथ ये आरोपी दबोचे गए हैं. जबकि अफीम व गांजा के केस में भी गिरफ्तारियां की गई हैं. गिरफ्तार तीन आरोपी मोहम्मद माजिद पिता अहमद खान 28 वर्ष निवासी ग्राम खटेरी कैपिटल कॉलोनी थाना मंदिरहसौद और शुभम शिंघनापुरे उर्फ आर्यन 28 वर्ष एवं अमन शर्मा के साथ पराग बरछा उर्फ रघु कैलाशपुरी, शुभम राजूधावड़े नागपुर महाराष्ट्र किसी न किसी रूप में इवेंट आर्गेनाइज करने के काम से जुड़े रहे हैं. इनका कनेक्शन नागपुर में रह रहे नंदलाल ठाकुर पिता महेंद्र ठाकुर 20 वर्ष निवासी अतरौली मदवनी बिहार से पाया गया है. इस आरोपी को भी जेल भेज दिया गया है. इसी तरह ड्रग डिलीवरी करने नागपुर से दुर्ग होकर रायपुर आए पाटन भाटापारा मंच निवासी अब्दुल करीम उर्फ समीर पिता मोहम्मद रशीद 26 वर्ष की भी गिरफ्तारी की जा चुकी है.

नशे के सौदागरों पर कार्रवाई तेज, 10 हो चुके गिरफ्तार

पुलिस ने जारी किया नोटिस, बैठक बुलाकर भी देंगे निर्देश

पुलिस ने होटल, रेस्टोरेंट कारोबारियों और फार्म हाउस संचालकों को नोटिस जारी करके 31 दिसंबर की रात होने वाले आयोजनों की जानकारी मांगी है. कार्यक्रमों में आ रहे सेलिब्रेटी, सुरक्षा में तैनात बाउंसरों और कर्मियों की सूची भी देने कहा गया है. आयोजन की अनुमति पहले लेनी होगी. आबकारी लायसेंस लिया जा रहा है तो यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं कि उनके मेहमान नशे में धुत्त होकर सड़क पर नहीं आएं. उनके मेहमान सुरक्षित घर पहुंच जाएं. आयोजक, अतिथियों को घर छोड़ने वाहन का इंतजाम रखें या फिर अतिथियों के वाहनों को चलाने के लिए ड्राइवरों की व्यवस्था करें. पुलिस जल्द ही बैठक बुलाकर होटल, रेस्टारेंट, बार संचालकों व इवेंट आर्गेनाइजरों को दिशा निर्देश जारी करेगी.

आईएनएस वाघशीर में सवार होकर समंदर की गहराई में पहुंचीं राष्ट्रपति

नौसेना की ताकत का लिया जायजा मुर्मू की पहली पनडुब्बी यात्रा

नई दिल्ली, 28 दिसम्बर (न्यूज चैनल)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रविवार को कर्नाटक के कारवार नौसैनिक अड्डे पर 'कलवरी' क्लास की पनडुब्बी आईएनएस वाघशीर में सवार होकर समुद्र के भीतर यात्रा की। भारतीय सशस्त्र बलों की सुप्रीम कमांडर के तौर पर राष्ट्रपति ने नौसेना की ताकत और परिचालन क्षमताओं का जायजा लिया।

इस विशेष यात्रा के दौरान नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी भी राष्ट्रपति के साथ पनडुब्बी में मौजूद रहे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के लिए किसी पनडुब्बी में यह पहली यात्रा है। वह %कलवरी% क्लास की पनडुब्बी में सवार होने वाली देश की पहली राष्ट्रपति बन गई हैं। भारतीय इतिहास में यह केवल दूसरा अवसर है जब किसी राष्ट्रपति ने पनडुब्बी में यात्रा की है। उनसे पहले मिसाइल मैन और पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम ने पनडुब्बी में सफर किया था। बता दें, यह यात्रा भारतीय नौसेना के आधुनिकीकरण और समुद्री सीमाओं की सुरक्षा में उनकी भूमिका को सम्मानित करने के उद्देश्य से की गई है।

दिल्ली में 20 हजार जवान संभालेंगे नए साल का मोर्चा

नई दिल्ली, 28 दिसम्बर (न्यूज चैनल)। नए साल के स्वागत के लिए राष्ट्रीय राजधानी पूरी तरह तैयार है, लेकिन इस दौरान सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए दिल्ली पुलिस ने विशेष इंतजाम किए हैं। शनिवार को पुलिस अधिकारियों ने बताया कि शराब पीकर गाड़ी चलाने और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर इस बार कड़ी नजर रखी जाएगी।

नए साल की पूर्व संध्या पर दिल्ली की सड़कों, बाजारों और मॉल के आसपास दिल्ली पुलिस, ट्रैफिक पुलिस और अर्धसैनिक बलों के लगभग 20,000 जवान तैनात रहेंगे। हरियाणा और उत्तर प्रदेश से आने वाली भीड़ को देखते हुए दिल्ली की सीमाओं पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। प्रवेश द्वारों पर हर वाहन की जांच की जाएगी। कनॉट प्लेस, हौज खास और प्रमुख शॉपिंग मॉल्स के आसपास विशेष नाकेबंदी की गई है। रणनीतिक स्थानों पर त्वरित प्रतिक्रिया टीमें तैनात रहेंगी।

नियमों का उल्लंघन करने पर होगी कठोर कार्रवाई

ट्रैफिक पुलिस ने खतरनाक ड्राइविंग और स्टंटबाजी रोकने के लिए सख्त योजना बनाई है। शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों की पहचान के लिए पुलिस बड़े पैमाने पर ब्रेथ एनालाइजर का इस्तेमाल करेगी। अधिकारियों ने साफ किया है कि शराब पीकर वाहन चलाने या खतरनाक स्टंट करने पर वाहन को तुरंत जब्त कर लिया जाएगा। कनॉट प्लेस के %इनर सर्कल% में केवल वैध स्टिकर वाले वाहनों को ही प्रवेश की अनुमति मिलेगी। सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस होटल, गेस्ट हाउस और रैन बसेरों की लगातार चेकिंग कर रही है। बस स्टैंड और रेलवे स्टेशनों पर भी विशेष अभियान चलाया जा रहा है ताकि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की पहचान की जा सके। सभी थाना प्रभारियों को पूरी रात सड़कों पर रहने के निर्देश दिए गए हैं।

अरावली पहाड़ी परिभाषा विवाद पर सुप्रीम कोर्ट में कल सुनवाई

नई दिल्ली, 28 दिसम्बर (न्यूज चैनल)। अरावली पहाड़ियों की परिको लेकर उठे विवाद के बीच उच्चतम न्यायालय ने इस मुद्दे पर स्वत: संज्ञान लिया है और वह सोमवार को मामले की सुनवाई करेगा। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली अवकाशकालीन पीठ इस मामले की सुनवाई करेगी जिसमें न्यायमूर्ति जे.के. माहेश्वरी और न्यायामूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह शामिल हैं। उच्चतम न्यायालय ने 20 नवंबर को अरावली पहाड़ियों और पर्वतमालाओं की एक समान परिको स्वीकार करते हुए, दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान और गुजरात में फैले अरावली क्षेत्रों में विशेषज्ञों की रिपोर्ट आने तक नए खनन पट्टों के आवंटन पर रोक लगा दी थी। अदालत ने पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की एक समिति की सिफारिशों को स्वीकार किया था। समिति के अनुसार, ''अरावली पहाड़ी'' को उन चिह्नित अरावली जिलों में मौजूद किसी भी भू-आकृति के रूप में परिभाषित किया जाएगा, जिसकी ऊंचाई स्थानीय निचले बिंदु से 100 मीटर या उससे अधिक हो।

ब्रेकिंग न्यूज

इलेक्ट्रॉनिक फर्म को एकाउंटेंट ने लगाया चूना, 6 लाख की धोखाधड़ी की

रायपुर, 28 दिसम्बर (हाईवे चैनल)। मौदहापारा पुलिस ने इलेक्ट्रॉनिक फर्म के एकाउंटेंट पर 5.63 लाख की धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। स्वर्णभूमि सोसायटी निवासी प्रवीण अग्रवाल 60 ने कल शाम रिपोर्ट दर्ज कराया। वह एमजी रोड मौदहापारा अंबिका टावर स्थित अंबिका इलेक्ट्रॉनिक प्राल का संचालक है। जहां देवाशीष मेहर एकाउंटेंट के पद पर कार्यरत है। देवाशीष ने 4 जुलाई 24 से 1 सितंबर 25 के बीच अलग अलग डेट में फर्म के बैंक एकाउंट से 5,63,390 रूपए अपने खाते में ट्रांसफर कर लिया। पुलिस ने धारा 316-4 के तहत दर्ज कर लिया है। आपको बता दें कि रायपुर पुलिस द्वारा लगातार ठगी और साइबर अपराध के खिलाफ शिकंजा कसा जा रहा है, आरोपी को गिरफ्तार कर जेल में डाल रहे है, साथ ही सम्पत्ति कुर्क कर पीड़ितों को पैसा लौटाने की शानदार पहल पेश कर रहे है।

सिक्किम में एक पर्वतारोही की मौत

नई दिल्ली, 28 दिसम्बर (न्यूज चैनल)। सिक्किम के प्रसिद्ध गोएचाला पर्वतारोहण मार्ग पर उत्तर प्रदेश के 45 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। मृतक की पहचान सूरज कुमार तिवारी के रूप में हुई है। वह अपने दो दोस्तों के साथ यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल खांगचेंद्जोंगा राष्ट्रीय उद्यान में आठ दिन की गोएचाला पर्वतारोहण यात्रा पर गया था। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि उसने बृहस्पतिवार को चढ़ाई शुरू की थी तभी सुबह करीब नौ बजे कोक्चुरोंग शिविर के पास अचानक उसकी तबीयत खराब हो गई और उसमें लकवे जैसे लक्षण दिखाई देने लगे। उन्होंने बताया कि साथी पर्वतारोहियों और गाइड ने उसे प्राथमिक उपचार दिया। स्थानीय लोगों और अन्य पर्वतारोहियों की मदद से उसे युकसोम की ओर ले जाए जाने के दौरान बृहस्पतिवार शाम करीब आठ बजे 12,100 फुट की ऊंचाई पर स्थित फेदांग के पास उसकी मौत हो गई। उसका शव शुक्रवार को ग्यालशिंग जिला अस्पताल लाया गया। पोस्टमार्टम और कानूनी औपचारिकताओं के बाद शनिवार को शव परिजनों को सौंप दिया गया। तिवारी के परिवार में उसकी पत्नी, एक बेटा और एक बेटी हैं। यह वर्ष 2025 में गोएचाला मार्ग पर मौत की तीसरी घटना है। युकसोम के पर्यटन से जुड़े हितधारकों ने प्रशासन से विशेष रूप से जोंगरी-गोएचाला कॉरिडोर में चिकित्सा सुविधाओं और आपातकालीन बचाव व्यवस्था को मजबूत करने की मांग की है।

बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया की हालत बेहद गंभीर

नई दिल्ली, 28 दिसम्बर (न्यूज चैनल)। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री एवं बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की अध्यक्ष खालिदा जिया की हालत बेहद नाजुक बनी हुई है। उनके निजी चिकित्सक ने यह जानकारी दी। कई स्वास्थ्य जटिलताओं से जूझ रही 80 वर्षीय खालिदा जिया 23 नवंबर से ढाका के 'एवरकेयर' अस्पताल में उपचाराधीन हैं और उन्हें 11 दिसंबर को वेंटिलेटर पर रखा गया था।

डॉ. ए.जेड.एम. जाहिद ने शनिवार को मध्यरात्रि के बाद एवरकेयर अस्पताल के बाहर बिना पूर्व सूचना के आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, यह नहीं कहा जा सकता कि उनकी हालत में सुधार हुआ है। फिलहाल उनकी हालत बेहद नाजुक बनी हुई है।'' खबर के अनुसार, डॉ. जाहिद ने देशवासियों से खालिदा जिया के शीघ्र स्वस्थ होने के लिए प्रार्थना करने की अपील भी की। उन्होंने कहा, अगर अल्लाह की रहमत से वह इस नाजुक दौर से बाहर निकल जाती हैं, तो हमें कुछ सकारात्मक खबर सुनने को मिल सकती है। पार्टी सदस्यों के मुताबिक, खालिदा जिया के बेटे एवं बीएनपी के कार्यवाहक अध्यक्ष तारिक रहमान ने अस्पताल में दो घंटे से अधिक समय बिताया और आधी रात के आसपास रवाना हुए। स्थानीय और विदेशी दोनों चिकित्सक उनकी देखभाल में लगे हैं।

ट्रेलर की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत

अनियंत्रित वाहन ने बाइक को मारी टक्कर, 3 युवक गंभीर रूप से घायल, लोगों में आक्रोश

धरसींवा, 28 दिसम्बर (हाईवे चैनल)। सांकरा से सिमगा तक बन रही सिक्स लेन सड़क और उससे जुड़ी सांकराङ्गसिलतरा सर्विस रोड लगातार जानलेवा साबित हो रही है। अव्यवस्थित निर्माण, संकरी सर्विस रोड और भारी वाहनों की तेज रफ्तार के चलते हादसे थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। सिलतरा क्षेत्र में एक बार फिर दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है, जिसमें एक बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं एक अन्य सड़क हादसे में 3 युवक गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।

जानकारी के अनुसार मृतक अपनी मोटरसाइकिल से सिलतरा से चरोदा की ओर सर्विस रोड से जा रहा था। इसी दौरान एक तेज रफ्तार ट्रेलर ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई, वहीं स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश देखा गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

सिक्स लेन की सर्विस रोड बनी जानलेवा

इसी क्षेत्र में एक अन्य सड़क दुर्घटना में बाइक सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। यह घटना सिलयारी चौकी अंतर्गत रैता टर्निंग के पास हुई। बताया गया कि एक अनियंत्रित वाहन ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे तीनों युवक सड़क पर गिरकर बुरी तरह घायल हो गए। हादसे के बाद राहगीरों की मदद से तीनों को तुरंत धरसीवां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार जारी है। लगातार हो रही दुर्घटनाओं से स्थानीय लोगों में भय का माहौल है। लोगों का कहना है कि सर्विस रोड अत्यंत संकरी है, जगह-जगह कट और मोड़ हैं, साथ ही भारी वाहनों की आवाजाही के लिए कोई ठोस व्यवस्था नहीं की गई है। प्रशासन और संबंधित निर्माण एजेंसी की लापरवाही के चलते आए दिन लोग अपनी जान गंवा रहे हैं। स्थानीय नागरिकों ने मांग की है कि सर्विस रोड को सुरक्षित बनाया जाए, स्पीड ब्रेकर, संकेतक बोर्ड और पुलिस गश्त बढ़ाई जाए।

नये साल के जश्न की तैयारी शुरू, गंगरेल सहित सभी पर्यटन स्थलों में उमड़ेगी हजारों की भीड़

- **माडमसिल्ली, सोंढुर, दुधावा व नरहरा में परिवार संग नये वर्ष खुशियां मनाने पहुंचेंगे लोग**
- **होगा न्यु ईयर स्पेशल नाईट का आयोजन, होटल मोटल रहेंगे फुल**

धमतरी, 28 दिसम्बर (हाईवे चैनल)। साल 2025 का काउंटडाउन शुरु हो गया है। अब सिर्फ कुछ ही दिन बचे है साल 2025 की विदाई और साल 2026 के आगमन को लेकर सभी वर्गो विशेषकर युवाओं में नये वर्ष के आगमन को लेकर काफी उत्साह नजर आ रहा है। नये वर्ष का जश्न मनाने कई तरह के प्लान बनाकर तैयारियां की जा रही है। इसलिए इस बार भी नये वर्ष का आगमन खास तरीके से करने लोग उत्साहित है।

बता दे कि हर साल नये वर्ष की खुशियां मनाने जिले के पर्यटन स्थलों, होटल, मोटल आदि स्थानों पर पहुंचते है। इस बार भी लोग अभी से होटल में होने वाले विभिन्न आयोजनों के लिए सीट बुक कर रहे है। इसी प्रकार गंगरेल रिसार्ट व अन्य रिसार्टो में कमरे की बुकिंग भी जमकर हो चुकी है। इसके अतिरिक्त गंगरेल माडमसिल्ली, दुधावा, सोंढुर बांध सहित अन्य पर्यटन स्थलों में भी लोगो की भीड़ उमड़ेगी। बता दे कि गंगरेल बांध में पिछले कुछ सालों में पर्यटन का तेजी से विकास हुआ है। यहां पर्यटन के मनोरंजन व आकर्षण के साधन बढ़े है। ग्रीन एडवेंचर रिसार्ट, मानव वन, मचान हर्ट, मिनी गोवा, वाटर एक्टीविटी, रिसार्ट, मोटल मां अंगारमोती के द्वार सहित कई स्थल है। जहां पर्यटक सुकून व खुशियों के पल बिता सकते है। इसलिए हर साल नये वर्ष पर गंगरेल बांध गुलजार रहता है। यहां न सिर्फ धमतरी बल्कि प्रदेश भर के पर्यटक अथाह पानी के बीच खुबसूरत वादियों का लुफ्त उठाने पहुंचते है। इसी प्रकार माडमसिल्ली में खूबसूरत नजारे के बीच एशिया का पहला सायफन सिस्टम को निहारने सोंढुर, दुधावा बांध के बीच न्यु ईयर के जश्न को यादगार बनाने भीड़ उमड़ेगी। इसी प्रकार नरहरा वाटर फॉल में भी लोगो की पसंद में शुमार है। इसलिए यहां भी नये ईयर का जश्न मनाने वालों की भीड़ उमड़ेगी। नये साल की तैयारियां लोगों के साथ होटल पर्यटन मैनेजमेंट द्वारा भी किया जा रहा है।

बाहर के पर्यटक स्थल भी फुल, ट्रेनो में पहले से है बुकिंग - उल्लेखनीय है कि कई लोग ऐसे है जो काफी समय से नये वर्ष का इंतजार करते है। चूंकि शीतकालीन छुट्टियां भी नये वर्ष के पहले ही होती है। इस दौरान भी पर्यटकों की भीड़ उमड़ती है। प्रदेश व देश भर में पर्यटन स्थलों में जिले के पर्यटक भी पहुंचेंगे। कई लोग जिन्होने पहले से बुकिंग करा लिया है उनका जाना तय है। लेकिन जो कुछ दिन पहले से ही बाहर जाने का प्लान कर रहे है। उन्हें न तो बाहर के होटल में बुकिंग मिल रही है और न ही ट्रेनो में टिकट मिल रही है।

विशाखापटनम, पुरी, उज्जैन, पंचमढी, गोवा, बनारस, वृंदावन, अयोध्या, कांशी पसंद - कुछ लोग नये वर्ष पर बाहर घूमने जाते है। उनके द्वारा काफी पहले से सभी चीजों की बुकिंग कराई गई है। चर्चा के दौरान लोगों ने बताया कि विशाखापटनम, जगन्नाथ पुरी, उज्जैन, पंचमढी, बस्तर, बनारस, वृंदावन, अयोध्या, कांशी व गोवा पहली पसंद है। इस स्थानों पर वैसे भी देश भर के लोग इन्जाय करने पहुंचते है। गोवा विशाखापटनम सहित टूरिस्ट प्लेस या बड़े शहरों में जश्न भी बड़ा होता है। वहीं कई लोग नये वर्ष की शुरुआत भगवान के दर्शन के साथ करने को प्राथमिकता दे रहे है।